पाक्षिक



खबर आस पास
RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शुक्रवार 13 नवम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

नवीन स्टेट टर्मिनल भवन का भूमि पूजन समारोह




दूसरे चरण में एयरक्राफ्ट व हेलीकॉप्टर के लिए बनेगा हैंगर और टारमेक : मुख्यमंत्री शर्मा

उद्योगों और पर्यटकों के लिए बेहतर परिवहन सुविधाएं हो रही विकसित

हवाई, रेल एवं सड़कों के विकास से बेहतर कनेक्टिविटी को मिल रहा विस्तार

नवीन स्टेट टर्मिनल पर पहले चरण में उपलब्ध होंगी आधुनिक सुविधाएं







जयपुर, (खबर आस पास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य हो रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के मध्य बेहतर समन्वय ने परिवहन के क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा दी है। प्रदेश में हवाई, रेल एवं सड़कों के तेज विकास से आमजन को बेहतर कनेक्टिविटी मिली है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट पर नवीन स्टेट टर्मिनल भवन के भूमि पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास में परिवहन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी के मद्देनजर डबल इंजन की सरकार राजस्थान में परिवहन सुविधाओं को आधुनिक और आवागमन को अधिक सुगम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में नवीन स्टेट टर्मिनल भवन का भूमि पूजन हवाई सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण पहल है।

आधुनिकता के साथ राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की दिखेगी झलक—

मुख्यमंत्री ने बताया कि नवीन स्टेट टर्मिनल भवन परियोजना के लिए 52 करोड़ 35 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। परियोजना के पहले चरण में 19 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से स्टेट टर्मिनल भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन में कार्यालय के साथ दो वीआईपी लाउंज, कॉन्फ्रेंस हॉल, मीटिंग हॉल, 10 विश्राम कक्ष, ट्रेनिंग कक्ष, कैफे और सुरक्षा जांच क्षेत्र जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, इस भवन में आधुनिकता के साथ राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की झलक भी दिखेगी। परियोजना के दूसरे चरण में एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर की पार्किंग के लिए हैंगर तथा टारमेक का निर्माण किया जाएगा। इन परियोजना के लिए ए.ए.आई. ने राज्य सरकार को 12 हजार 778 वर्गमीटर भूमि आवंटित की है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को बेहतर एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोटा, किशनगढ़, बाड़मेर एवं बीकानेर में हवाई संपर्क विस्तार पर कार्य किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री ने इसी वर्ष जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया था। इस नवीन भवन से हवाई अड्डे की क्षमता प्रतिवर्ष 12 लाख यात्रियों से बढ़कर 20 लाख यात्रियों तक पहुंच गई है। वहीं, जयपुर और कोटा के टर्मिनल भी विकसित किए जा रहे हैं। इसी प्रकार किशनगढ़ हवाई अड्डे और भीलवाड़ा में हमीरगढ हवाई पट्टी पर फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन भी शुरू हो चुके हैं। झालावाड़, सीकर, झुंझुनूं एवं श्रीगंगानगर में एफटीओ की स्थापना के लिए भूमि आवंटन और उदयपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 145 एकड़ भूमि उपलब्ध करवायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार और रेलवे सुविधाओं के आधुनिकीकरण के लिए इस वर्ष 10 हजार 228 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ है। 76 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक के रेलवे कार्य प्रगति पर हैं और अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत 85 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। वहीं, नेशनल हाई-स्पीड कॉरिडोर और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से हमारा प्रदेश सबसे अधिक लाभान्वित हुआ है। प्रदेश में 1 हजार 192 किलोमीटर लम्बाई के एक्सप्रेस-वे का निर्माण हुआ है, यह देश के किसी भी अन्य राज्य से अधिक है। आज देश के एक चौथाई नेशनल एक्सप्रेस-वे राजस्थान से होकर गुजरते हैं।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश में 9 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का भी निर्माण कर रही है। कनेक्टिविटी के विकास और विस्तार का प्रमुख उद्देश्य यही है कि प्रदेश के किसान अपनी उपज मंडियों तक आसानी से पहुंचाएं और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलें। साथ ही, उद्योगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिले और पर्यटकों के लिए राज्य में सफर अधिक सुगम बने।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिला का पूजन कर नींव में स्थापित की तथा हवन में पूर्णाहुति दी। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में नवीन स्टेट टर्मिनल भवन के प्रतीकात्मक मॉडल, संपूर्ण साइट प्लान, ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर का लेआउट प्लान का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, विधायक डॉ. कैलाश वर्मा, गोपाल शर्मा, बालमुकुन्दाचार्य, महापौर सुनील कोठारी, उपमहापौर सरोज कंवर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नागरिक उड्डयन नवीन जैन सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

केजरीवाल को लॉरेंस गैंग से मिली धमकी फर्जी निकली

पंजाब पुलिस का दावा- हरियाणा के कॉलर ने धमकाया; रु.7 करोड़ की रंगदारी मांगी

नई दिल्ली एजेंसी। दिल्ली में तिलक नगर से आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायक जरनैल सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है कि लॉरेंस गैंग ने अरविंद केजरीवाल से 7 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है।

खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताने वाले एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके फोन और वॉट्सऐप मैसेज के जरिए यह धमकी दी है।

दिल्ली के तिलक नगर से AAP विधायक जरनैल सिंह ने कहा- 6 नवंबर 2026 को शाम करीब 6 बजे उनके निजी मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल और वॉट्सऐप मैसेज आया। वॉट्सऐप प्रोफाइल पर '9 ॥' नाम प्रदर्शित हो रहा था।

आरोपी ने मैसेज में लिखा, 'लॉरेंस गैंग से हूं, अरविंद केजरीवाल को बोल दे 7 करोड़ दे दो नहीं तो अरविंद केजरीवाल और उसकी बेटी हर्षिता केजरीवाल को जान से मार दूंगा। '

उनकी शिकायत पर मोहाली के साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज हुआ है। हालांकि, न्यूज एजेंसी IANS ने दावा किया है कि मोहाली पुलिस की इन्वेस्टिगेशन में यह धमकी फर्जी पाई गई है। यह धमकी लॉरेंस गैंग के नाम पर रोहतक (हरियाणा) के कॉलर ने वॉट्सऐप मैसेज और कॉल के माध्यम से दी थी। हालांकि, अब तक किसी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

इन गंभीर धाराओं के तहत दर्ज हुआ केस

मोहाली के साइबर क्राइम थाने में 7 नवंबर 2026 को रात 9:16 बजे एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ BNS, 2023 की धारा 308(4) (फिरौती के लिए मौत या गंभीर चोट का भय दिखाना), 351(2), 351(3), 351(4) (आपराधिक धमकी), 111(2) (संगठित अपराध) और आईटी एक्ट की धारा 66D के तहत मामला दर्ज किया गया।

सुप्रीम कोर्ट बोला-घर में सोना कहां से आया, महिलाएं बताएं

500 ग्राम की लिमिट बताकर बच नहीं सकतीं; छापे के दौरान अधिकारियों को सोर्स बताएं



नई दिल्ली एजेन्सी। देश में कई सालों से यह नियम चला आ रहा है कि अगर आयकर विभाग की छापेमारी हो, तो शादीशुदा महिला के पास 500 ग्राम तक सोना होने पर अधिकारी उसे जब्त नहीं कर सकते। इसी नियम का फायदा उठाकर कई लोग मान लेते थे कि 500 ग्राम तक सोना रखने पर किसी को कोई जवाब नहीं देना होगा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अब एक बड़ा स्पष्टीकरण दिया है।

जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस अरुण पल्ली की बेंच ने कहा- सोना जब्त न होना और उसका मालिक होना दो अलग बातें हैं। यह फैसला बिहार की एक पूर्व अफसर के मामले में आया, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप था। उन्होंने 500 ग्राम सोना होने का हवाला देकर बचने की कोशिश की थी।

बिहार की CDPO पर आय से अधिक संपत्ति का मामला

बिहार की पूर्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (CDPO) फूलपरी कुमारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला था। 2015 में बिहार विजिलेंस ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच में उनके पास 646.400 ग्राम सोने के आभूषण मिले। उन्होंने दलील दी कि शादीशुदा महिला के लिए 500 ग्राम और अविवाहित बेटी के लिए 250 ग्राम सोना जब्ती से सुरक्षित है। पटना हाईकोर्ट ने मई 2026 में उनके खिलाफ कार्यवाही रद्द कर दी थी। बिहार सरकार ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। अब जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस अरुण पल्ली की बेंच ने हाईकोर्ट का फैसला पलट दिया और उनके खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही बहाल कर दी।

सोना रु.2309 गिरकर रु.1.38 लाख पर आया

दो दिन में कीमत रु.4000 कम हुई, चांदी आज रु.3,901 सस्ती हुई

नई दिल्ली एजेन्सी। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 12 नवंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,309 रुपए गिरकर 1.38 लाख रुपए पर आ गए हैं। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 3,901 रुपए घटकर 1.82 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले कल भी सोना 1,817 रुपए और चांदी 100 रुपए गिरी थी, यानी दो दिन में सोना करीब 4 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक चांदी 1.94 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

वहीं, 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 36 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।

मोदी बोले- न्यूज की तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी

दिवाली मिलन समारोह में कहा- सीएम बना तो मुझसे पहले मीडिया को पता था

नई दिल्ली एजेन्सी। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यूजरूम में कुछ भी असंभव नहीं माना जाता।

मोदी ने कहा कि भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर और परिवार की चिंता छोड़कर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है।

मोदी ने कहा- मैं 11 अशोका रोड पर पड़ा रहता था। एक दिन पत्रकार अचानक मेरे कमरे में आ गए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में मेरा गला पकड़ लिया और कहा कि मिठाई खिलाओ। मैंने पूछा कि किस बात की मिठाई खिलाऊं, तो उन्होंने कहा कि आप गुजरात के मुख्यमंत्री बन गए हैं। मुझे खुद इस बात की जानकारी नहीं थी, लेकिन पत्रकारों को पहले ही पता चल गया था।



मोदी की स्पीच की 5 बड़ी बातें...

1. पत्रकारों के साथ पुराने रिश्ते और मीडिया में बदलाव

फैक्स से लेकर इंस्टाग्राम रील तक मीडिया का स्वरूप बदल चुका है। पहले खबरों की कवरेज ओबी वैन से होती थी, अब मोबाइल ही ओबी वैन बन गया है। 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनने की खबर पत्रकारों को उनसे पहले मिल गई थी। पत्रकारों ने उन्हें मिठाई खिलाने को कहा। कई पत्रकार अपने खर्चे पर शपथ ग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे।

2. डेडलाइन और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य

पत्रकारिता में डेडलाइन से काम की प्राथमिकताएं तय होती हैं और रफ्तार बढ़ती है। देश के सामने भी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की डेडलाइन है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए छोटे-बड़े चरणों में काम करना होगा, 2047 तक इंतजार नहीं करना है।

3. भारत की उपलब्धियां

भारत दुनिया के बड़े मोबाइल फोन निर्माता देशों में शामिल है। चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बना है। भारत ने दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में जगह बनाई है और सबसे बड़ा UPI सिस्टम तैयार किया है।

4 करोड़ परिवारों को पक्के मकान, 3 करोड़ लखपति दीदियां और 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसे लक्ष्य हासिल किए गए हैं। देश का रेल नेटवर्क पूरी तरह इलेक्ट्रिफाई हो चुका है।

4. भारत की सफलता की कहानियां दुनिया तक पहुंचाएं

21वीं सदी में कम्युनिकेशन सबसे बड़ी ताकत है। भारत के पास सस्ता डेटा और दुनिया को सुनाने के लिए उपलब्धियों की कई कहानियां हैं। मीडिया भारतीय प्रतिभाओं, सफलताओं और प्रेरणादायक लोगों को अधिक जगह दे। देश की उपलब्धियों को दुनिया तक पहुंचाना भी देश सेवा का माध्यम है।

5. नशे के खिलाफ जागरूकता और सामाजिक सद्भाव पर जोर

मीडिया युवाओं को नशे की लत से बचाने और इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने में भूमिका निभाए। स्वच्छता, डीपफेक, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव जैसे मुद्दों को भी मीडिया डिबेट में जगह दी जाए।

जम्मू-कश्मीर से लापता दोनों स्पेशल ऑफिसर के शव मिले



जेके एजेन्सी। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो SPO के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के ही हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है।

SPO जब लापता हुए, उसी समय एयरटेल नेटवर्क बाधित हुआ : दोनों SPO के लापता होने के दौरान इसी इलाके में एयरटेल नेटवर्क सेवाएं बाधित होने की जानकारी भी सामने आई थी। एयरटेल कंपनी ने इसी साल 10 मार्च को मरवाह इलाके में पहली बार मोबाइल नेटवर्क सेवा शुरू की थी।

अक्टूबर में लापता SPO का शव मिला था

15 अक्टूबर 2026 को SPO बशीर अहमद किश्तवाड़ के त्रिगाम स्थित पुलिस पिकेट से सर्विस राइफल के साथ लापता हुए थे। अगले दिन 16 अक्टूबर को उनका शव त्रिगाम के जंगल में एक नाले के पास गड्ढे में दबा मिला। 19 अक्टूबर को पुलिस ने इस हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

बारामूला के जंगल में 2 हैंड ग्रेनेड मिले, संदिग्ध गिरफ्तार

सुरक्षाबलों ने गुरुवार को बारामूला जिले में तलाशी अभियान के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। बारामूला पुलिस ने सेना के साथ मिलकर तंगमर्ग के बदरकोट जंगल में एरिया से बदरकोट निवासी गुलाम जिलानी रेशी को पकड़ा गया। उसके पास से हैंड ग्रेनेड थे।

पंचायती राज आम चुनाव: चौथे चरण के लिए मतदान दलों की रवानगी शुक्रवार को

अनुपस्थित रहने पर होगी सख्त कार्यवाही, संबंधित कार्यालयाध्यक्ष भी होगा जिम्मेदार



बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के चौथे चरण में नोखा, पांचू और जसरासर पंचायत समिति की 92 ग्राम पंचायतों में मतदान होंगे। इसके लिए रिटर्निंग अधिकारियों को ग्राम पंचायतों और कार्मिकों को मतदान केन्द्रों का आवंटन गुरुवार को हुए तृतीय रेंडमाइजेशन के दौरान एनआईसी परिसर में किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पर्यवेक्षक नवनीत कुमार इस दौरान मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदान दलों की रवानगी के दौरान यदि कोई कार्मिक अनुपस्थित रहा तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित कार्यालयाध्यक्ष इसके लिए जिम्मेदार होंगे तथा वे भी मतदान दल में नियुक्त कार्मिक को पाबंद करेंगे।

चौथे चरण में नोखा की 40, पांचू की 28 एवं जसरासर की 24 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों के लिए कुल 92 रिटर्निंग अधिकारियों को ग्राम पंचायतें गुरुवार को आवंटित की गई। इसी क्रम में नोखा के 170, पांचू के 153 एवं जसरासर के 103 सहित कुल 426 केन्द्रों में जाने वाले कार्मिकों का निर्धारण भी किया गया। प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संकल्प शर्मा भी मौजूद रहे।

अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात होगी मतदान दलों की रवानगी

चैथे चरण में नोखा, पांचू एवं जसरासर पंचायत समिति क्षेत्रों के जिला परिषद के 10 तथा तीनों पंचायत समितियों के 59 सदस्यों सहित पंच एवं सरपंच पदों के लिए निर्वाचन होंगे। तीनों पंचायत समिति क्षेत्रों में कुल 3 लाख 5 हजार 674 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1 लाख 61 हजार 994 पुरुष एवं 1 लाख 43 हजार 679 महिला मतदाता शामिल हैं। चौथे चरण में 92 ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए कुल 426 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मतदान दलों की रवानगी शुक्रवार, 13 नवंबर को प्रातः 7:30 बजे अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर से आवंटित ग्राम पंचायतों एवं मतदान केंद्रों के लिए होगी। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान 14 नवंबर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होगा। पंच एवं सरपंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 नवंबर को तथा मतदान 16 नवंबर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना की जाएगी। वहीं, 17 नवंबर को उप-सरपंच का चुनाव होगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित

(खबर आस पास)

जयपुर श्रेयांस बैद। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

छोटी काशी बीकानेर में सजेगा ब्रज-वृंदावन का रंग, 14 नवंबर से भक्तमाल रस उत्सव

घर-घर दे रहे निमंत्रण, शिव-पार्वती मंदिर में तीन दिवसीय भक्तमाल कथा का होगा आयोजन

बीकानेर (खबर आस पास)। गोपेश्वर बस्ती स्थित शिव-पार्वती मंदिर में 14 से 16 नवंबर तक तीन दिवसीय भक्तमाल रस उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को देखकर जहां श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं आयोजन से जुड़े पदाधिकारी भी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं कथा स्थल को सजाया जा रहा है और तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। बीकानेर में हो रही इस भाव कथा में बड़ी संख्या में लोग शामिल है, उसके लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उत्सव के दौरान भक्तमाल कथा का वाचन बरसाना निवासी हनुमान बाबा महाराज करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी। उत्सव के उपरांत संत श्यामसुंदर महाराज तथा श्रीधाम वृंदावन के जुगल बाबा महाराज का सान्निध्य भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। आयोजकों के अनुसार भक्तमाल उत्सव में ब्रज के अनेक संतों और भक्तों के जीवन से जुड़े प्रेरक एवं भक्तिमय प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा के माध्यम से भक्ति, समर्पण और संत परंपरा के महत्व को प्रस्तुत किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में छोटी काशी बीकानेर को ब्रज-वृंदावन की भक्ति और आध्यात्मिक संस्कृति के रंग में रंगने का प्रयास रहेगा।

आवारा सांड ने राहगीर को उठा कर पटका, इलाज के दौरान हुई मौत

बीकानेर (खबर आस पास)। जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र में आवारा सांड की टक्कर से घायल हुए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 4 नवंबर को 2 एचडब्ल्यूएम स्थित पुनिया भट्टे के पास हुई थी। पुलिस के अनुसार, इस संबंध में मृतक के रिश्तेदार रामकुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। परिवादी ने बताया कि उसके चाचा मानाराम सड़क किनारे पैदल चल रहे थे। इसी दौरान एक आवारा सांड ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मानाराम उछलकर सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल मानाराम को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

बच्चियों को शिक्षा के साथ रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं जीवनोपयोगी कौशलों से जोड़ने की पहल

बीकानेर (खबर आस पास)। आरएलजी बालिका सशक्तिकरण संस्थान द्वारा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एवं उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से निशुल्क साप्ताहिक गतिविधि कक्षाओं की शुरुआत की जा रही है। इस पहल के तहत बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक, कलात्मक एवं व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़कर उनके बहुआयामी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे।

संस्थान की इस पहल के तहत बच्चों के लिए कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्रॉइंग, डांस, योग, एक्टिंग, सिंगिंग, स्पोकन इंग्लिश, पर्सनालिटी डेवलोपमेन्ट सेल्फ डिफेन्स सहित विभिन्न विधाओं की गतिविधि आधारित कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं अनुभवी फैकल्टी बच्चों को नई-नई कलाएं एवं कौशल सिखाने के लिए आमंत्रित किए जाएंगे।

संस्थान की अध्यक्ष डॉ. अर्पिता गुप्ता ने बताया की इन कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता, सृजनात्मक आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति की क्षमता, व्यवहारिक ज्ञान एवं जीवनोपयोगी कौशलों का विकास करना है, ताकि वे अपनी रुचि एवं प्रतिभा को पहचानकर उसे बेहतर दिशा दे सकें। कक्षाएं 15 नवंबर से शास्त्री नगर स्थित संस्थान के कार्यालय में प्रारंभ होंगी तथा सप्ताह में एक दिन आयोजित की जाएंगी। संस्थान की ओर से यह सभी कक्षाएं पूर्णतः निशुल्क रखी गई हैं। इच्छुक अभिभावक अपनी बच्चियों का पंजीकरण शास्त्री नगर स्थित संस्थान के कार्यालय में अथवा दिए गए संपर्क नंबर 8946950980 पर करवा सकते हैं। संस्थान का संकल्प है कि प्रत्येक बालिका को अपनी प्रतिभा पहचानने, कुछ नया सीखने और जीवन मे आत्मविश्वास के साथ आगे बढे।

पंचदिवसीय दीपावली थीम पर होगा अग्रवाल समाज का स्नेह मिलन समारोह

15 नवंबर को होगा आयोजन, प्रतिभाओं एवं वरिष्ठजनों का होगा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सजेगी दीपावली की पांच पर्वों की झलक

बीकानेर (खबर आस पास)। अग्रवाल समाज चेतना समिति बीकानेर की ओर से 15 नवंबर को दीपावली स्नेह मिलन समारोह व्यास कॉलोनी स्थित अग्रवाल भवन में शाम 5 बजे से आयोजित होगा। इस वर्ष समारोह की विशेष थीम पंचदिवसीय दीपावली रखी गई है, जिसके माध्यम से दीपावली के पांचों पर्वों की परंपरा, संस्कृति, धार्मिक महत्व एवं उल्लास को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर आज अग्रवाल समाज चेतना समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं समाज के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान दीपावली स्नेह मिलन समारोह को यादगार बनाने के लिए विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को लेकर विभिन्न सुझाव दिए गए।

समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में पंचदिवसीय दीपावली थीम के तहत दीपावली के पांचों पर्वों से जुड़ी परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इस अवसर पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें दीपावली के पारंपरिक स्वरूप और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक दिखाई देगी।

समारोह में खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अग्रगौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अग्र श्री सम्मान तथा समाज के वरिष्ठ अग्रजनों का सम्मान भी किया जाएगा। समारोह के अंत में समाज के सभी परिवारों के लिए सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन रखा गया है। समिति के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं संगठन की भावना को मजबूत करना है। इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

समिति के पदाधिकारी एवं संपर्क सूत्र

समिति में अध्यक्ष प्रमोद देवड़ा, उपाध्यक्ष पवन जोहरी, मंत्री मनीष चौधरी, उपमंत्री पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, महिला प्रभारी डॉ. विजयश्री गुप्ता तथा युवा प्रभारी मंथन अग्रवाल हैं। समिति पदाधिकारियों ने अग्रवाल समाज के सभी परिवारों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने तथा पंचदिवसीय दीपावली की सांस्कृतिक थीम पर आयोजित इस विशेष आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

तीन भूखण्डों पर अतिक्रमण की शिकायत, बीडीए तहसीलदार ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

महिलाओं ने ज्ञापन देकर जताई अवैध कब्जे और निर्माण की आशंका, शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेंगे बीडीए के जेईएन



बीकानेर (खबर आस पास)। मुरलीधर व्यास कॉलोनी में तीन भूखण्डों पर कथित अवैध अतिक्रमण और निर्माण की शिकायत को लेकर दो महिलाओं ने बीकानेर विकास प्राधिकरण के तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीडीए के तहसीलदार ने तुरंत एक्शन लिया और बीडीए ने जेईएन को शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन में पार्वती पत्नी सुभाषचन्द्र एवं सरोज व्यास पत्नी किशन गोपाल व्यास ने बताया कि मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित भूखण्ड संख्या 5-F-32 और 5-F-34 उनके नाम पट्टाशुदा आवंटित हैं। इन दोनों भूखण्डों के बीच 5-F-33 भी स्थित है। उनका आरोप है कि तीनों भूखण्डों पर कुछ लोग निर्माण सामग्री डलवाकर अवैध कब्जा करने की तैयारी कर रहे हैं। समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर अतिक्रमियों के कब्जा करने की आशंका है। महिलाओं ने ज्ञापन में आग्रह किया कि मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अवैध अतिक्रमण और निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया जाए, ताकि उनके भूखण्डों पर किसी प्रकार का अनधिकृत कब्जा नहीं हो सके। तहसीलदार की ओर से तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बाद अब शुक्रवार सुबह बीडीए की टीम के मौके पर पहुंचने और कार्रवाई करने की उम्मीद है।

दो दिवसीय 170वां हर्षानंद महोत्सव 14 नवंबर से

बीकानेर (खबर आस पास)। शहर के दम्माणी चौक स्थित श्री मदन मोहन मंदिर में मदन मोहन लाल प्यारे सेवा का दो दिवसीय 170वां हर्षानंद महोत्सव 14 और 15 नवंबर को मनाया जाएगा।सेवाभावी धर्मपरायण स्व.कन्हैयालाल जी दम्माणी परिवार की ओर से अपने आराध्य मदन मोहन लाल प्यारे जी की श्रद्धा में समर्पित इस आलौकिक महोत्सव में विशेष पूजा-अर्चना, भजन, मनोरथ दर्शन,शोभायात्रा और फूलों की होली जैसे अनेक मनोरथ होंगे।मदन मोहन लाल प्यारे सेवा परिवार के सदस्य राजेश दम्माणी ने बताया कि महोत्सव में बीकानेर समेत देश-प्रदेश के अनेक शहरों से प्रवासी बंधु और श्रद्धालुजन शामिल होने के लिए बीकानेर पहुंचेंगे।उन्होने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 14 नवंबर की सुबह 11 बजे दम्माणी चौक स्थित मंदिर में मदन मोहन जी की विशेष पूजा-अर्चना और मनोरथ दर्शन से होगा। शाम 6 बजे लक्ष्मी हेरिटेज में भजन और मनोरथ दर्शन होंगे।इस अवसर पर कोलकाता की भजन गायक पार्टी ध्वनि ग्रुप 'द वॉयस ऑफ मोक्ष अपनी प्रस्तुतियां देगी।15 नवंबर, सुबह 7:30 बजे श्री गणेशम रिसोर्ट में शोभायात्रा निकाली जाएगी,जिसमें मदन मोहन लाल प्यारे जी के संग फूलों की होली खेली जा एगी।सुबह 10:30 बजे न्यू आरके.ग्रुप की ओर से श्री गणेशम रिसोर्ट में ही विशेष कार्यक्रम 'हरे कृष्ण वेलनेस कार्निवल और दिव्य मनोरथ दर्शन का आयोजन किया जाएगा।इसके बाद शाम 6 बजे पूगल रोड स्थित माखन भोग उत्सव कुंज में भजन और मनोरथ के समागम का आयोजन होगा,जिसमें बीकानेर के श्री सखी ग्रुप के कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

दम्माणी परिवार की पांचवी पीढ़ी निभा रही परंपरा

राजेश दम्माणी ने बताया मदन मोहन लाल प्यारे जी की असीम कृपा से 170 साल से अनवरत चल रही सेवा महोत्सव परंपरा का निर्वहन दम्माणी परिवार की पांचवीं पीढ़ी निभा रही है।परिवार को विरासत में मिली यह सेवा परंपरा केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि श्री मदन मोहन लाल प्यारे जी के प्रति अटूट आस्था, समर्पण और सेवा का प्रतीक है।

जिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता 13 व 14 नवंबर से, कैडेट वर्ग का ट्रायल भी होगा

बीकानेर (खबर आस पास)। जिला भारोत्तोलन संगम, बीकानेर द्वारा जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 13 से 14 नवंबर तक प्रो. रंगा फिजिकल इंस्टीट्यूट, गजनेर रोड, बीकानेर में होगी। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के यूथ, जूनियर व सीनियर खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके साथ ही ऑल इंडिया वेट लिफ्टिंग संघ के विजेता एवं खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं के पदक विजेता मुक्केबाज भी शामिल हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 12 से 14 नवंबर तक होगी।

खेल और संस्कृति का अनूठा संगम बना उद्घाटन समारोह

बीकानेर में पहली बार आयोजित हो रही इस राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ खेल और संस्कृति के अनूठे संगम के रूप में देखने को मिला। एक ओर प्रदेश के बेहतरीन मुक्केबाज अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय नन्हीं कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से राजस्थानी संस्कृति की खूबसूरती को प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों के सामने प्रस्तुत किया।

कोलायत मेले के लिए 3 जोड़ी अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

बीकानेर (खबर आस पास)। रेलवे द्वारा कोलायत में 24 नवंबर को आयोजित होने वाले श्री कपिल मुनि मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए लालगढ़- कोलायत-लालगढ़ के मध्य 3 जोड़ी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार इन रेलसेवाओं का विवरण निम्नानुसार है।

1. लालगढ़-कोलायत- लालगढ़ अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा (02 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 04733, लालगढ़-कोलायत अनारक्षित स्पेशल रेल 23 एवं 24 नवंबर को (02 ट्रिप) लालगढ़ से 16:00 बजे रवाना होकर 17:10 बजे कोलायत पहुंचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 04734, कोलायत-लालगढ़ अनारक्षित स्पेशल रेल 23 एवं 24 नवंबर को (02 ट्रिप) कोलायत से 18.15 बजे रवाना होकर 19.15 बजे लालगढ़ पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में नाल हॉल्ट एवं गजनेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित 12 डिब्बे होंगे।

2.लालगढ़-कोलायत-लालगढ़ अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 04739, लालगढ़-कोलायत अनारक्षित स्पेशल रेल 24 नवंबर को (01 ट्रिप) लालगढ़ से 5:35 बजे रवाना होकर 6:50 बजे कोलायत पहुंचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 04740, कोलायत- लालगढ़ अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा दिनांक 24 नवंबर को (01 ट्रिप) कोलायत से 7:20 बजे रवाना होकर 8:15 बजे लालगढ़ पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में नाल हॉल्ट एवं गजनेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित 12 डिब्बे होंगे।

3.लालगढ़-कोलायत-लालगढ़ अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 04741, लालगढ़-कोलायत अनारक्षित स्पेशल रेल24 नवंबर को (01 ट्रिप) लालगढ़ से 10:50 बजे रवाना होकर 12:00 बजे कोलायत पहुंचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 04742, कोलायत-लालगढ़ अनारक्षित स्पेशल रेल 24 नवंबर को (01 ट्रिप) कोलायत से 12:40 बजे रवाना होकर 13:40 बजे लालगढ़ पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में नाल हॉल्ट एवं गजनेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 डिब्बे होंगे।

बीकानेर में लूट गिरोह सक्रिय, जेएनवी थाना क्षेत्र में वारदात को दिया अंजाम, हरीश की बीकानेर पुलिस से गुहार



बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर में लूट गिरोह के सक्रिय होने का मामला सामने आया है। जेएनवी थाना क्षेत्र में लूट गिरोह ने एक युवक के साथ मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। घायल युवक हरीश ने बीकानेर पुलिस से गुहार लगाई है।

क्या है पूरा मामला?

घायल हरीश ने बताया कि वह अमेरिकन शेख से लौट रहा था। संगलपुरा से करीब 200 मीटर पहले वह टॉयलेट करने के लिए रुका था। इसी दौरान पीछे से तीन युवक आए। उन्होंने कपड़े से उसका मुंह ढक दिया और मारपीट कर उसे बेहोश कर दिया। हरीश को बेहोशी के दौरान कहां ले जाया गया, उसे याद नहीं है। जब रात करीब 12:15 से 12:30 बजे उसे होश आया, तो वह पीबीएम अस्पताल के पास मेडिकल सर्किल के नजदीक कचरे के डिब्बे के पास पड़ा था। वहां से गुजर रहे एक टैक्सी चालक ने उसे देखा और रुक गया। हरीश ने चालक से फोन मांगकर अपने बड़े भाई दिनेश शर्मा को कॉल किया। दिनेश शर्मा वैष्णो धाम के पास रहते हैं, जहां हरीश भी रहता है और काम करता है। भाई ने 10-15 मिनट में पहुंचने की बात कही। हरीश के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। नाक और आंख के पास सूजन और खून के निशान हैं, जबकि ठोड़ी और जबड़े पर खून से सनी पट्टी बंधी हुई है। उसने पुलिस से लूट गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच 42वीं राज्य स्तरीय सीनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

उद्घाटन समारोह में नन्हीं कलाकारों की घूमर और राजस्थानी लोकनृत्यों ने बांधा समां



बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 42वीं राजस्थान राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एलीट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ गुरुवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन समारोह में खेल भावना के साथ राजस्थानी संस्कृति की भी शानदार झलक देखने को मिली। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के स्टाफ ऑफिसर अशोक शर्मा रहे। समारोह में राजस्थान बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह एवं सचिव डॉ. नरेंद्र कुमार निर्वाण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर श्री विजय प्रताप सिंह शेखावत की भी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह के दौरान बीकानेर की नन्हीं कलाकारों ने राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बालिकाओं ने पारंपरिक राजस्थानी घूमर सहित विभिन्न लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। राजस्थानी वेशभूषा, लोकसंगीत और पारंपरिक नृत्यों ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भी इन प्रस्तुतियों का आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेलों के महत्व और युवाओं के जीवन में खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रीय पदक